**CBSE Class–10 Hindi**
**NCERT Solutions**
**Kshitij Chapter - 2**
**Tulsidas**

**1. परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए ?**

**उत्तर:-** परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने पर निम्नलिखित तर्क दिए -

**1.** बचपन में न जाने हमने कितने ही धनुष तोड़े किन्तु किसी ने कभी क्रोध नहीं किया ,इस धनुष से आपको विशेष लगाव क्यों हैं?

**2.** हमें यह असाधारण शिव धुनष साधारण धनुष की भाँति ही लगा।

**3.** श्री राम ने इसे तोड़ा नहीं बस उनके छूते ही धनुष स्वत: टूट गया।

**4.** इस धनुष को तोड़ते हुए उन्होंने किसी के लाभ व हानि के विषय में नहीं सोचा था। इस धनुष को तोड़ने में राम का दोष नहीं।

**2. परशुराम के क्रोध करने पर राम और लक्ष्मण की जो प्रतिक्रियाएँ हुईं उनके आधार पर दोनों के स्वभाव की विशेषताएँ अपने शब्दों में लिखिए।**

**उत्तर:-** राम स्वभाव से कोमल और विनयी हैं। परशुराम जी क्रोधी स्वभाव के थे। परशुराम के क्रोध करने पर श्री राम ने धीरज से काम लिया। उन्होंने स्वयं को उनका दास कहकर परशुराम के क्रोध को शांत करने का प्रयास किया एवं उनसे विनम्रता से बात की। लक्ष्मण राम से एकदम विपरीत हैं। लक्ष्मण क्रोधी और उग्र स्वभाव के हैं। लक्ष्मण परशुराम जी के साथ व्यंग्यपूर्ण वचनों का सहारा लेकर अपनी बात उनके समक्ष प्रस्तुत करते हैं। वे इस बात की परवाह नहीं करते कि उनकी बातों से परशुराम और ज्यादा क्रोधित हो जायेगें।  राम विनम्र, मृदुभाषी,धैर्यवान, व बुद्धिमान हैं वहीं दूसरी ओर लक्ष्मण निडर,वाचाल, साहसी तथा क्रोधी स्वभाव के हैं।

**3. लक्ष्मण और परशुराम के संवाद का जो अंश आपको सबसे अच्छा लगा उसे अपने शब्दों में संवाद शैली में लिखिए।**

**उत्तर:-** लक्ष्मण - हे मुनि ! बचपन में तो हमने कितने ही धनुष तोड़ दिए परन्तु आपने कभी क्रोध नहीं किया इस धनुष से आपको विशेष लगाव क्यों हैं ?

परशुराम - अरे, राजपुत्र ! तू काल के वश में आकर ऐसा बोल रहा है। तू क्यों अपने माता-पिता को सोचने पर विवश कर रहा है। यह शिव जी का धनुष है। चुप हो जा और मेरे इस फरसे को भली भाँति देख ले। मेरे इस फरसे की भयानकता गर्भ में पल रहे शिशुओं को भी नष्ट कर देती है।

**4. परशुराम ने अपने विषय में सभा में क्या-क्या कहा, निम्न पद्यांश के आधार पर लिखिए -**

**बाल ब्रह्मचारी अति कोही। बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही||**
**भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही। बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही||**
**सहसबाहुभुज छेदनिहारा। परसु बिलोकु महीपकुमारा||**
**मातु पितहि जनि सोचबस करसि महीसकिसोर।**

**गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर||**

**उत्तर:-** परशुराम ने अपने विषय में कहा कि वे बाल ब्रह्मचारी और क्रोधी स्वभाव के हैं। समस्त विश्व में क्षत्रिय कुल के द्रोही के रुप में विख्यात हैं। उन्होंने अनेक बार पृथ्वी को क्षत्रियों से विहीन कर ब्राह्मणों को दान में दे दियाऔर अपने हाथ में धारण इस फरसे से सहस्त्रबाहु की भुजाओं को काट डाला है। इसलिए हे नरेश पुत्र। मेरे इस फरसे को भली भाँति देख ले। राजकुमार। तू क्यों अपने माता-पिता को सोचने पर विवश कर रहा है। मेरे इस फरसे की भयानकता गर्भ में पल रहे शिशुओं को भी नष्ट कर देती है।

---

**5. लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएँ बताई ?**

**उत्तर:-** लक्ष्मण ने वीर योद्धा की निम्नलिखित विशेषताएँ बताई है -

(1) शूरवीर युद्ध में वीरता का प्रदर्शन करके ही अपनी शूरवीरता का परिचय देते हैं व्यर्थ में अपना बखान नहीं करते।

(2) वीरता का व्रत धारण करने वाले वीर पुरुष धैर्यवान और क्षोभरहित होते हैं।

(3) वीर पुरुष स्वयं पर कभी अभिमान नहीं करते।

(4) वीर पुरुष किसी के विरुद्ध गलत शब्दों का प्रयोग नहीं करते।

(5) वीर पुरुष दीन-हीन, ब्राह्मण व गायों, दुर्बल व्यक्तियों पर अपनी वीरता का प्रदर्शन नहीं करते एवं अन्याय के विरुद्ध हमेशा निडर भाव से खड़े रहते हैं।

(6) किसी के ललकारने पर वीर पुरुष परिणाम की फ़िक्र न कर निडरतापूर्वक उनका सामना करते हैं।

---

**6. साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो तो बेहतर है। इस कथन पर अपने विचार लिखिए।**

**उत्तर:-** साहस और शक्ति के साथ अगर विनम्रता न हो तो व्यक्ति अभिमानी एवं उद्दंड बन जाता है। साहस और शक्ति ये दो गुण व्यक्ति (वीर) को श्रेष्ठ बनाते हैं परन्तु यदि विनम्रता इन गुणों के साथ आकर मिल जाती है तो वह उस व्यक्ति को श्रेष्ठतम वीर की श्रेणी में ला देती है। विनम्रता व्यक्ति में सदाचार व मधुरता भर देती है। विनम्र व्यक्ति किसी भी स्थिति को सरलता पूर्वक संभाल सकता है। परशुराम जी साहस व शक्ति का संगम है। राम विनम्रता, साहस व शक्ति का संगम है। राम की विनम्रता के आगे परशुराम जी के अहंकार को भी नतमस्तक होना पड़ा।

---

**7. भाव स्पष्ट कीजिए -**

**1-बिहसि लखनु बोले मृदु बानी। अहो मुनीसु महाभट मानी||**

**पुनि पुनि मोहि देखाव कुठारू। चहत उड़ावन फूँकि पहारू||**

**उत्तर:-** प्रसंग - प्रस्तुत पंक्तियाँ तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस से ली गई हैं। उक्त पंक्तियों में लक्ष्मण जी ने परशुराम जी के द्वारा बोले गए अपशब्दों का प्रत्युत्तर दिया है।

भाव - लक्ष्मणजी ने हँसते हुए कोमल वाणी से परशुराम पर व्यंग्य करते हुए कहा , मुनीश्वर अपने को बड़ा भारी योद्धा समझते हैंऔर मुझे बार-बार अपना फरसा दिखाकर डरा रहे हैं। जिस तरह एक फूँक से पहाड़ नहीं उड़ सकता उसी प्रकार मुझे बालक समझने की भूल मत कीजिए कि मैं आपके इस फरसे को देखकर डर जाऊँगा।

**2-इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं। जे तरजनी देखि मरि जाहीं||**

**देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना||**

---

**उत्तर:-** प्रसंग - प्रस्तुत पंक्तियाँ तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस से ली गई हैं। उक्त पंक्तियों में लक्ष्मण जी ने परशुराम जी के द्वारा बोले गए अपशब्दों का प्रत्युत्तर दिया है।
भाव - भाव यह है कि लक्ष्मण जी अपनी वीरता का अभिमानपूर्वक परिचय देते हुए कहते हैं कि हम कोई छुई मुई के फूल नहीं हैं जो तुम्हारी तर्जनी देखकर मुरझा जाएँ। हम बालक अवश्य हैं परन्तु फरसे और धनुष-बाण हमने भी बहुत देखे हैं इसलिए हमें नादान बालक समझने की भूल न करें।
**3-गाधिसनु कह हृदय हसि मुनिहि हरियरे सूझ।**
**अयमय खाँड़ न ऊखमय अजहुँ न बूझ अबूझ||**
**उत्तर:-** प्रसंग - प्रस्तुत पंक्तियाँ तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस से ली गई हैं। उक्त पंक्तियों में परशुराम जी के वचनों को सुनकर विश्वामित्र मन ही मन परशुराम जी की बुद्धि पर हँसते हैं।
भाव-परशुराम बार-बार कहते हैं कि मैं लक्ष्मण को पलभर में मार दूँगा।यह सुन कर विश्वामित्र मन ही मन कहते हैं कि गाधि-पुत्र अर्थात् परशुराम जी को चारों ओर हरा ही हरा दिखाई दे रहा है। जिन्हें ये गन्ने की खाँड़ समझ रहे हैं वे तो लोहे से बनी तलवार (खड़ग) की भाँति हैं। इस समय परशुराम की स्थिति सावन के अंधे की भाँति हो गई है। जिन्हें चारों ओर हरा ही हरा दिखाई दे रहा है अर्थात् उनकी समझ अभी क्रोध व अहंकार के वश में है।

**8. पाठ के आधार पर तुलसी के भाषा सौंदर्य पर दस पंक्तियाँ लिखिए।**
**उत्तर:-** तुलसीदास रससिद्ध कवि हैं। उनकी काव्य भाषा सरस है। तुलसीदास द्वारा लिखित रामचरितमानस अवधी भाषा में लिखी गई है। यह काव्यांश रामचरितमानस के बालकांड से ली गई है। तुलसीदास ने इसमें दोहा,, चौपाई छंदो का बहुत ही सुंदर प्रयोग किया है। जिसके कारण काव्य के सौंदर्य तथा आनंद में वृद्धि हुई है और भाषा में लयबद्धता बनी रहती है। भाषा को कोमल बनाने के लिए कठोर वर्णों की जगह कोमल ध्वनियों का प्रयोग किया गया है। इनकी भाषा में अनुप्रास अलंकार, रुपक अलंकार, उत्प्रेक्षा अलंकार,व पुनरुक्ति अलंकार की अधिकता मिलती है। इस काव्यांश की भाषा में व्यंग्यात्मकता का सुंदर संयोजन हुआ है।

**9. इस पूरे प्रसंग में व्यंग्य का अनूठा सौंदर्य है। उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए।**
**उत्तर:-** तुलसीदास द्वारा रचित परशुराम - लक्ष्मण संवाद मूल रूप से व्यंग्य काव्य है। उदाहरण के लिए -
(1) बहु धनुही तोरी लरिकाईं।
कबहुँ नअसि रिस कीन्हि गोसाईं||
लक्ष्मण जी परशुराम जी से धनुष के टूटने पर व्यंग्य करते हुए कहते हैं कि हमने अपने बालपन में ऐसे अनेक धनुष तोड़े हैं तब हम पर किसी ने क्रोध नहीं किया।
(2) मातु पितहि जनि सोचबस करसि महीसकिसोर। गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर॥ परशुराम जी क्रोधित होकर लक्ष्मण से कहते है। अरे राजा के बालक! तू अपने माता-पिता को सोचने के लिए विवश न कर। मेरा फरसा बड़ा भयानक है, यह गर्भ के बच्चों का भी नाश कर देता है॥
(3) गाधिसूनु कह हृदय हसि मुनिहि हरियरे सूझ।
अयमय खाँड़ न ऊखमय अजहुँ न बूझ अबूझ||
यहाँ विश्वामित्र जी परशुराम की बुद्धि पर मन ही मन व्यंग्य करते हैं और कहते हैं कि परशुराम जी जिन राम, लक्ष्मण को साधारण

बालक समझ रहे हैं। उन्हें चारों ओर हरा ही हरा सूझ रहा है वे लोहे की तलवार की गन्ने की खाँड़ से तुलना कर रहे हैं।

**10. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार पहचान कर लिखिए -**

**1-बालकु बोलि बधौं नहि तोही।**

अनुप्रास अलंकार - उक्त पंक्ति में 'ब' वर्ण की एक से अधिक बार आवृत्ति हुई है, इसलिए यहाँ अनुप्रास अलंकार है।

**2-कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा।**

(1) अनुप्रास अलंकार - उक्त पंक्ति में 'क' वर्ण की एक से अधिक बार आवृत्ति हुई है, इसलिए यहाँ अनुप्रास अलंकार है।

(2) उपमा अलंकार - कोटि कुलिस सम बचनु में उपमा अलंकार है। क्योंकि परशुराम जी के एक-एक वचनों को वज्र के समान बताया गया है।

**3-तुम्ह तौ कालु हाँक जनु लावा।**
**बार बार मोहि लागि बोलावा||**

(1) उत्प्रेक्षा अलंकार - 'काल हाँक जनु लावा' में उत्प्रेक्षा अलंकार है। यहाँ जनु उत्प्रेक्षा का वाचक शब्द है।

(2) पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार - 'बार-बार' में पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार है। क्योंकि बार शब्द की दो बार आवृत्ति हुई पर अर्थ भिन्नता नहीं है।

**4-लखन उतर आहुति सरिस भृगुबरकोपु कृसानु। बढ़त देखि जल सम बचन बोले रघुकुलभानु||**

(1) उपमा अलंकार

(i) उतर आहुति सरिस भृगुबरकोपु कृसानु में उपमा अलंकार है।

(ii) जल सम बचन में भी उपमा अलंकार है क्योंकि भगवान राम के मधुर वचन जल के समान कार्य रहे हैं।

(2) रुपक अलंकार - रघुकुलभानु में रुपक अलंकार है यहाँ श्री राम को रघुकुल का सूर्य कहा गया है। श्री राम के गुणों की समानता सूर्य से की गई है।

**• रचना-अभिव्यक्ति**

**1. ' सामाजिक जीवन में क्रोध की जरूरत बराबर पड़ती है। यदि क्रोध न हो तो मनुष्य दूसरे के द्वारा पहुँचाए जाने वाले बहुत से कष्टों की चिर-निवृत्ति का उपाय ही न कर सके।'**
**आचार्य रामचंद्र शुक्ल जी का यह कथन इस बात की पुष्टि करता है कि क्रोध हमेशा नकारात्मक भाव लिए नहीं होता बल्कि कभी-कभी सकारात्मक भी होता है। इसके पक्ष या विपक्ष में अपना मत प्रकट कीजिए।**

**उत्तर:-** पक्ष में विचार -

क्रोध बुरी बातों को दूर करने में हमारी सहायता करता है। जैसे अगर विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान न दे और शिक्षक उस पर क्रोध न करे तो वह विद्यार्थी का भविष्य कैसे उज्वल होगा ?यदि कोई लोगों पर अन्याय कर रहा है और लोग बिना क्रोध किए देखते रहें तो न्याय की रक्षा कैसे होगी ?

विपक्ष में विचार -

क्रोध एक चक्र है जो चलता ही रहता है। आप किसी पर क्रोध करेंगे तो वह भी आप पर क्रोधित होगा, उनका क्रोध देखकर आप और क्रोधित होगे। इस प्रकार क्रोध में आप प्रथम स्वंय को ही हानि पहुँचाते है। क्रोध करने से आपकी सेहत खराब हो सकती है और समय का भी अपव्यय होता है।

---

**2. संकलित अंश में राम का व्यवहार विनयपूर्ण और संयत है, लक्ष्मण लगातार व्यंग्य बाणों का उपयोग करते हैं और परशुराम का व्यवहार क्रोध से भरा हुआ है। आप अपने आपको इस परिस्थिति में रखकर लिखें कि आपका व्यवहार कैसा होता।**

**उत्तर:-** मेरा व्यवहार राम और लक्ष्मण के बीच का होता। मैं लक्ष्मण की तरह परशुराम के अहंकार को दूर जरूर करता किन्तु उनका अपमान न करता। मैं शायद अपनी बात लक्ष्मण की तरह ज़ोर-ज़ोर से बोलकर उनके समक्ष रखता, अगर वे सुनते तो राम की तरह विनम्रता और शांति से उन्हें समझाता ।

---

**3. अपने किसी परिचित या मित्र के स्वभाव की विशेषताएँ लिखिए।**

**उत्तर:-** इस प्रसंग से मुझे अपने तीसरी कक्षा के मास्टर जी की याद आती है। उनका नाम मनोहर शर्मा था। उनका स्वभाव बहुत कठोर था। वे बहुत गंभीर रहते थे। स्कूल में उन्हें कभी हँसते या मुस्कराते नहीं देखा जाता था। वे विद्यार्थियों को कभी-कभी 'मुर्गा' भी बनाते थे। सभी छात्र उनसे भयभीत रहते थे। सभी लड़के उनसे बहुत डरते थे क्योंकि उनके जैसा सख्त अध्यापक न कभी किसी ने देखा न सुना था।

---

**4. दूसरों की क्षमता को कम नहीं समझना चाहिए - इस शीर्षक को ध्यान में रखते हुए एक कहानी लिखिए।**

**उत्तर:-** हमारी कक्षा में राजीव जैसे ही प्रवेश करता था ,सभी उसे लंगड़ा-लंगड़ा कहकर संबोधित करने लगते थे। राजीव बचपन से ऐसा नहीं था किसी दुर्घटना के शिकार स्वरुप उसकी यह हालत हो गयी थी। राजीव की सहायता करने की बजाय सभी उसका मज़ाक उड़ाने लगते थे परन्तु राजीव किसी से कुछ न कहता न बोलता चुपचाप अपना काम करते रहता और न ही कभी किसी शिक्षक से बच्चों की शिकायत न करता। ऐसे लगता मानो वह किसी विचार में खोया है। सारे बच्चे दिनभर उधम मचाते उसे तंग करते रहते थे परन्तु वह हर समय पढाई में मग्न रहता और इसका परिणाम यह निकला कि जब विद्यालय का दसवीं का वार्षिक परिणाम निकला तो सब विद्यार्थियों की आँखें फटी की फटी रही गईं क्योंकि राजीव अपने विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में प्रथम आया था। वही विद्यार्थी जो कल तक उस पर हँसते थे आज उसकी तारीफों के पुल बाँध रहे थे। उसकी शारीरिक क्षमता का उपहास उड़ाने वालों का राजीव ने अपनी प्रतिभा से मुँह सिल दिया था। चारों ओर राजीव के ही चर्चे थे। आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में पूर्ण अंगों वाले विद्यार्थी भी पूर्ण सफलता पाने में असमर्थ हैं। ऐसे में में एक विकलांग युवक की इस सफलता से यही पता चलता है कि कोई भी व्यक्ति अपूर्ण नहीं है। हमें लोगों को उन्हें शारीरिक क्षमता से नहीं बल्कि प्रतिभा से आँकना चाहिए।

---

**5. उन घटनाओं को याद करके लिखिए जब आपने अन्याय का प्रतिकार किया हो।**

**उत्तर:-** अन्याय करना और सहना दोनों ही अपराध माने जाते हैं। मेरे पड़ोस में एक गरीब परिवार रहता है। एक दिन उनके यहाँ से बच्चों के रोने की आवाज आ रही थी। हमने जाकर देखा तो बच्चों के पिता उन्हें मजदूरी पर न जाने की वजह से पीट रहे थे। हमारे मुहल्लेवालों ने मिलकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और बच्चों को उनका शिक्षा प्राप्त करने का हक दिलाया।

**6. अवधी भाषा आज किन-किन क्षेत्रों में बोली जाती है?**

**उत्तर:-** आज अवधी भाषा मुख्यत: अवध में बोली जाती है। यह उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों जैसे - गोरखपुर, गोंडा, बलिया, अयोध्या आदि क्षेत्र में बोली जाती है।